>

Title: Need to provide financial assistance to Odisha to set up cyclone resistant underground cable system.

श्री चंद्र शेखर साहू (बरहामपुर): माननीय स्पीकर महोदय, मैं आपके जरिए एक बहुत सीरियस मैटर लाना चाहता हूं क्योंकि आपको पता है कि ओडिशा में साल में कम से कम दो बार नैचुरल कैलेमिटीज़, चाहे वह साइक्लोन हो या फ्लड हो, कुछ भी हो, वह हो जाती है । पहले सुपर साइक्लोन आया था । उसके बाद फैलिन आया, हुदहुद आया, 'तितली' आया और अभी फनी आया है । हमारे जो लीडर हैं, मान्यवर मुख्य मंत्री नवीन पटनायक जी, उनके लीडरशिप में zero casualty रहती है, जिसकी सारे विश्व में प्रशंसा भी हुई है । यूनाइटेड नेशंस में इसकी प्रशंसा हुई है। खुद प्रधान मंत्री जी ने अभी जापान में भी इसकी प्रशंसा की है । लेकिन, पावर सेक्टर में जो नुकसान हो जाता है, उसकी भरपाई के लिए एक प्रपोजल आया है कि कोस्टल टाउन्स जैसे कटक, पुरी, बालेश्वर, बरहामपुर आदि शहरों के लिए अंडरग्राउण्ड केबलिंग की जाए । पावर सेक्टर में जो बार-बार नुकसान होता है, उससे उसे बचाने के लिए और इसका एक परमानेंट सॉल्यूशन निकालने के लिए अंडरग्राउण्ड केबलिंग का एक प्रपोजल है, जो डिस्ट्रिक्ट लेवल से आया है, स्टेट गवर्नमेंट से भी आया है । मैं आपके जरिए गवर्नमेंट से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि इसके लिए एक स्पेशल ग्रांट दी जाए । प्रधान मंत्री जी ने तो एक हजार करोड़ रुपये दिए हैं, फिर भी इसके लिए एक स्पेशल ग्रांट दें, ताकि अंडरग्राउण्ड केबलिंग हो जाने के बाद किसी नैचुरल कैलेमिटी में पावर सेक्टर में ज्यादा नुकसान न हो ।

माननीय अध्यक्ष : ओडिशा में जिस तरीके से वहां की सरकार ने और केन्द्र सरकार ने सहायता दी, दल से ऊपर उठकर हम सबको, फनी के अन्दर जिस तरीके से उपाय किए, उसके लिए वहां की सरकार और केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहिए ।